आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज बिहार का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने बिहार के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में अनाधिकृत टैक्सी परिचालन पर रोक लगाई जाएगी।
- लोकसभा ने केंद्रीय बजट में वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगें पारित कर दी हैं।
- आपदा प्रबंधन निदेशालय ने वन एवं पर्यावरण, वन सदन, में भूकंप और आग पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

आज बिहार का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने बिहार के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। यह दिन बिहार के समृद्ध इतिहास, जीवंत सांस्कृतिक विरासत और इसके लोगों की अटूट भावना को याद करता है, जिन्होंने शिक्षा, शासन और सामाजिक सुधारों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बिहार लंबे समय से ज्ञान और बुद्धि का केंद्र रहा है, एक ऐसी भूमि जिसने महान विद्वानों, नेताओं और दूरदर्शी लोगों को जन्म दिया है, जिन्होंने इतिहास की दिशा को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रगति, एकता और समावेशी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि बिहार निरंतर समृद्ध होता रहे और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बने। इस अवसर पर, उन्होंने इन द्वीपों में रहने वाले बिहार के लोगों के लिए खुशी और समृद्धि की कामना की है।

<><><><><><>

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान कल राज निवास में द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान जहाजरानी, बंदरगाहों, ग्रीन–फील्ड हवाई अड्डों, पर्यटन आतिथ्य और पी पी पी मोड में जुड़े क्षेत्रों में सामने आ रही बड़ी परियोजनाओं को देखते हुए, बड़े निवेश को आकर्षित करने और ऐसी परियोजनाओं के त्वरित निष्पादन की सुविधा के लिए विशेष वित्तीय, प्रोत्साहन और नियामक ढांचा व्यवस्थाओं को बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में अनाधिकृत टैक्सी परिचालन पर रोक लगाई जाएगी। एक अप्रैल से हवाई अड्डा परिसर में अनाधिकृत टैक्सी परिचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिना अनुमति के हवाईअड्डे पर वाणिज्यिक गतिविधियां दंडनीय अपराध है और इसके लिए पांच रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। कुछ टैक्सी चालक भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण की अनुमति के बिना हवाई अड्डा परिसर में परिचालन कर रहे हैं, जबकि प्री–पेड की सुविधा पहले से ही हवाई अड्डा परिसर में उपलब्ध है। सत्रह मार्च को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन और यातायात पुलिस तथा सड़क निदेशकों के बीच एक बैठक हुई और यह निर्णय लिया गया कि सभी अनधिकृत मोटर चालक एक अप्रैल से यातायात पुलिस द्वारा संचालित प्री–पेड टैक्सी प्लेट–फार्म से जुड़ जाएं और अनाधिकृत टैक्सी परिचालन को बंद कर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

लोकसभा ने केंद्रीय बजट में वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगें पारित कर दी हैं। सदन की कार्यवाही के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रसायन और उर्वरक, बिजली, वाणिज्य और उद्योग, आवासन और शहरी कार्य, सूचना और प्रसारण तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की अनुदान मांगें बिना किसी चर्चा के पारित कर दी हैं। सदन ने विभिन्न मंत्रालयों के लिए अनुदान मांगों के सिलसिले में कुछ सदस्यों द्वारा पेश किए गए कटौती प्रस्ताव ना–मंजूर कर दिए। इसके बाद, लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश किए गए विनियोग विधेयक–तीन, 2025 को भी लोकसभा ने पारित कर दिया।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने प्रशासन के सहयोग से कल श्री विजयपुरम के वन एवं पर्यावरण, वन सदन, में भूकंप और आग पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, ताकि आपदा प्रतिक्रिया का मूल्यांकन किया जा सके। कल सवेरे एक टेबल टॉप अभ्यास आयोजित किया गया, जिसके दौरान अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, रितु राज सिंह, ने उत्तरी अंडमान में तैनात रहते हुए दो हजार चार के भूकंप के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने ड्रिल की सफलता के लिए आपदा प्रबंधन, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और एन डी आर एफ के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। मॉक ड्रिल सुबह ग्यारह बजे से शुरु हुई और इसमें "डक, कवर एंड होल्ड" का अभ्यास करने जैसी प्रमुख गतिविधियाँ शामिल थीं। इस दौरान भूकंप सुरक्षा प्रक्रिया, फायर अलार्म बजाना, सुरक्षित निकासी का संचालन करते हुए फायर टेंडर और एम्बुलेंस समय पर पहुंचे और घटना कमांडर के "ऑल क्लियर" संदेश के साथ ड्रिल का समापन हुआ।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग ने भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान भुवनेश्वर के सहयोग से चौबीस मार्च तक टूर गाइडिंग पर बारह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। द्वीप समूह में पर्यटन गतिविधि में विकास के लिए प्रयास जारी है। इस दौरान टूर गाइड के इच्छुक लोगों को खगोल विज्ञान आधारित पर्यटन, रात के आकाश की व्याख्या, दूरबीन से संचालन और टिकाऊ पर्यटन के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। पर्यटन विभाग ने खगोल–पर्यटन में बढ़ती वैश्विक रुचि और द्वीप समूह में आजीविका के नए अवसर प्रदान की है। प्रशिक्षुओं को इस विशिष्ट पर्यटन क्षेत्र की सेवा के लिए आवश्यक विशेषज्ञता विकसित करने में मदद मिली। लगभग सौ प्रतिभागी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। टूर गाइड के इच्छुक लोगों से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को एक प्रमुख खगोल–पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। प्रशासन स्थायी पर्यटन पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने अवैध खनन में लिप्त और भूमि राजस्व विनियमों का उल्लंघन करते हुए मिट्टी डंप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। हाल ही में एक क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान, राजस्व अधिकारियों ने फेरारगंज तहसील के गुप्तारा क्षेत्र में मिट्टी का अनधिकृत खनन और डंपिंग करते हुए पाया गया।

अवैध खनन और मिट्टी डंपिंग के खिलाफ उल्लंघन करने वालों पर दो लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे एम वी नालंदा कल सुबह सात बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। इस जहाज में कुल एक सौ साठ से अधिक यात्री सवार है और इससे एक सौ दस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

बालिका निकेतन में बालिकाओं की सुरक्षा पर विधि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया–द्वीप समाचार की बडी खबर हैं। विद्युत विभाग ने लोगों से आज रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक सभी अनावश्यक लाइटे बंद करने के अपील के समाचार को – द डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है–इंफो इंडिया ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हरिनगर में खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण मेला आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने नीति आयोग के सदस्य के उपराज्यपाल से मुलाकात करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>